विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 13.02.2020 के बिन्दु क्रमांक-04 एवं 07 के कार्यवृत्त में टंकण त्रुटि सुधार विषयक।

1 message

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 13.02.2020 के बिन्दु क्रमांक-04 एवं 07 के कार्यवृत्त में टंकण त्रुटि हुआ है, जिसमें संशोधन/सुधार पश्चात् अनुमोदित कार्यवृत्त निम्नानुसार अवलोकनार्थ प्रेषित है:-

04. दिनांक 12.02.2020 को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय के आगमन हेतु पं0सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के परिसर स्थित 03 हेलीपेडों का चयन किया गया। उक्त हेलीपेडों स्थल से गांव बिरकोना स्थित विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार से समारोह स्थल तक महामहिम राष्ट्रपति महोदय के आगमन हेतु मार्ग निश्चित किया गया। इस मार्ग में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य, रंग रोगन संबंधी कार्य, सिविल एवं इलेक्ट्रीकल कार्य, इत्यादी कार्य कराया जाना है। तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत इस हेतु राज्य शासन के पी.डब्ल्यू.डी. विभाग/पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में पंजीकृत एजेंसियों को अधिकृत किया जाकर कार्य सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय के यांत्रिकी विभाग इस संदर्भ में आवश्यक व्यय भार की जानकारी प्राप्त कर/प्रस्तुत कर सक्षम स्वीकृति उपरान्त कार्य सम्पन्न करायेंगे। आवश्यकता अनुसार विश्वविद्यालय यांत्रिकी शाखा द्वारा विभागीय स्तर पर भी लघु कार्य जी.एफ.आर. के प्रावधानानुसार सम्पन्न करायेंगे। जिसे सम्पूर्ण सदन (विद्यापरिषद की स्थायी समिति के सदस्यगण एवं विशेष आमंत्रित सदस्यगण) ने अपनी सहमति प्रदान की।

07. विद्यापरिषद की स्थायी समिति द्वारा दीक्षांत समारोह के आयोजन संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त, दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न मदों पर होने वाले अनुमानित न्यूनतम व्यय को ध्यान में रखते हुए कुल राशि रूपये 1.95 करोड़ (एक करोड़ पंचानबे लाख रूपये) व्यय करने हेतु बजट आबंटन किये जाने की अनुशंसा की जाती है। जिसपर सम्पूर्ण सदन (विद्यापरिषद की स्थायी समिति के सदस्यगण एवं विशेष आमंत्रित सदस्यगण) ने अपनी सहमति व्यक्त की। साथ ही यह भी निर्णय लिया जाता है कि उक्त राशि के बजट आबंटन के संबंध में वित्त शाखा आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी।